02 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का भव्य समापन–निगम भिलाई में

भिलाईनगर। शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ 17 सितम्बर से प्रारंभ कर 02 अक्टूबर तक किया जाना था। जिसके अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलई क्षेत्र में दिनांक 17 सितम्बर से लेकर 02 अक्टूबर तक अनवरत शासन से प्राप्त मार्गदर्शन अनुसार कार्यक्रम किये गये। 02 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन कार्यक्रम का समापन नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय परिसर में रखा गया है। सनद रहे कि 02 अक्टूबर 1914 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरूवात किये थे, जो अनवरत जारी है। इस कार्यक्रम से जुड़कर ही हम स्वच्छता के प्रति जागरूक हुए। साथ ही भिलाई शहर के हर नागरिक इसके महत्व को समझे और प्रतिज्ञा लिए की स्वच्छता ही हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, हम सब इसमे अपना भरपूर सहयोग देगे। भिलाई शहर को देश को सबसे बड़ा स्वच्छ शहर बनाने में अपनी सहभागीता निभाएंगे। निगम आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिको, सामाजिक एवं अध्यात्मीक संगठनो से अपील किये है कि आप सब 02 अक्टूबर सुबह 9:30 बजे नगर निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय में सह–सम्मान उपस्थित हो। जिसमें हम सब मिल के स्वच्छता मित्रो का सम्मान करेगे, उन संगठनो को जो स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे है। उन्हे भी सम्मानित किया जाएगा। सभी प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, पोर्टल के पत्रकारगण भी सादर आमंत्रित है।